हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 16 सितम्बर, 2020/25 भाद्रपद, 1942 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 21

स्वीकृत धनराशि

1185 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न विभागों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई व कितनी व्यय की गई; ब्यौरा वर्षवार व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

स्थानान्तरण

1186 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वन मण्डल किन्नौर में अगस्त महीने में 20 वन रक्षकों के तबादले किए गए; यह तबादले किस अधिकारी के द्वारा किए गए व इतनी बड़ी संख्या में एक ही समय में तबादले करने के क्या कारण रहे; ब्यौरा दें; और

(ख) इन तबादलों में कुल कितनी धनराशि टी0ए0 एवं डी0ए0 पर खर्च की गई; ब्यौरा दें?

सैन्ट्रल रोड फन्ड

1187 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक कुल कितनी धनराशि सैन्ट्रल रोड फण्ड (C.R.F) में प्राप्त हुई; ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में सी0आर0एफ0 किन-किन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में आवंटित की गई; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम,सड़क का नाम व आवंटित धनराशि का विस्तृत ब्यौरा दें; और

(ग) इस धनराशि को आवंटित करने का क्या पैमाना है; ब्यौरा दें ?

पुलों का निर्माण

1188 **श्री नरेन्द्र बरागटा(जुब्बल-कोटखाई) ः**
श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहडू) ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जुब्बल-कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ठियोग-कोटखाई-हाटकोटी सड़क पर कितने पुल प्रस्तावित हैं तथा कल्वर्टों के निर्माण हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार द्वारा इन पुलों के निर्माण हेतु धनराशि का प्रावधान कर दिया गया है; यदि हां, तो कितना तथा इनके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

ट्रॉमा सैन्टर

1189 **श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जुब्बल कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कोटखाई में ट्रॉमा सैन्टर की स्वीकृति कब दी गई; इसकी अद्यतन स्थिति क्या है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

पदपूर्ति

1190 **श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि इन्दिरा गांधी मैडिकल कॉलेज शिमला, कमला नेहरू अस्पताल शिमला, दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल

शिमला, दन्त चिकित्सालय शिमला व कैन्सर अस्पताल शिमला में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं व कितने रिक्त चल रहे हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा श्रेणीवार दें?

भवन निर्माण

1191 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू में आयुर्वैदिक अस्पताल के भवन निर्माण हेतु निविदाएं आमंत्रित की गई हैं; यदि हां, तो इसका कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

नगर पंचायत/परिषद

1192 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)ः**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चिड़गाँव व इसके आसपास के क्षेत्र को नगर पंचायत/परिषद बनाने का सरकार विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

विधायक प्राथमिकता

1193 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण मण्डल पौंटा-साहिब द्वारा कौन-कौन सी सड़कें किस वर्ष विधायक प्राथमिकता में डाली गईं; और

(ख) इन सड़कों की डी0पी0आर0 तैयार करने में विलम्ब के क्या कारण रहे; ब्यौरा दें?

भू-संरक्षण

1194 **श्री विनय कुमार(श्री रेणुकाजी) ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा जनवरी माह से पंचायत स्तर पर भू-संरक्षण से सम्बन्धित कार्यों को बंद करने हेतु अधिसूचना जारी की गई थी;

(ख) विकास खंड संगड़ाह में अधिसूचना जारी होने के बाद कितने वर्क ऑर्डर पंचायतों में लगे तथा क्या यह प्रक्रिया अभी भी जारी है; ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(ग) गत दो वर्षों में दिनांक 15-8-2020 तक भू-संरक्षण कार्यालय राजगढ़ हेतु केंद्र व प्रदेश सरकार से किन-किन योजनाओं हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व योजनावार दें?

आऊटसोर्स कर्मचारी

1195 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी)**:

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला सिरमौर में बागवानी विभाग में कितने कर्मचारियों को आऊटसोर्स आधार पर नियुक्त किया गया है; नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

Misuse of Funds

1196 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai)**:

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state whether it is a fact that enquiry regarding misuse of funds in development blocks Shillai and Paonta has been conducted; if yes, what action has been taken by the Department in this regard?

Funds Sanction under MGNREGA

1197 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai)**:

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) during the last year upto 31.07.2020, how much funds have been sanctioned in Shillai and Paonta Blocks under MGNREGA; Panchayat-wise details be given; and

(b) what are the norms for sanctioning of schemes?

Funds Under 14th Finance Commission

1198 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai)**:

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) how much funds have been sanctioned under 14th Finance Commission in

Shillai Block; Panchayat-wise details be given; and

(b) how many schemes have not been completed; by when these will be completed; details be given?

नगर पंचायत चुवाड़ी

1199 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक नगर पंचायत चुवाड़ी में कितने कार्य भिन्न-भिन्न मदों के अन्तर्गत स्वीकृत हुए; कितने कार्यों की यू0सी0 मिल चुकी है; कितने कार्य लम्बित हैं; ब्यौरा वार्डवार, कार्यवार, मदवार व ठेकेदार के नाम सहित दें; और

(ख) यह कार्य किन कारणों से लम्बित हैं; लम्बित कार्यों को कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

गद्दी कल्याण बोर्ड

1200 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हिमाचल प्रदेश में गद्दी कल्याण बोर्ड का गठन हुआ है; यदि हां, तो इसमें कितने सरकारी और गैर-सरकारी सदस्य हैं; नाम व पते सहित ब्यौरा दें; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक गद्दी कल्याण बोर्ड की कितनी बैठकें हुई; ब्यौरा दें?

MC Solan

1201 **Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state whether there is any proposal to replace old pipes and system of water distribution in a time bound manner under MC Solan?

Keen-Kyar Foot Bridge

1202 **Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether it is a fact that the construction work of foot bridge at Keen-Kyar, GP Bisha, Block Kandaghat has not been started; if so, by when the construction work will be started?

निर्माण कार्य

1203 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) ज़िला बिलासपुर में AIIMS का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; और

(ख) इसमें कक्षाएं कब तक आरम्भ कर दी जाएंगी; ब्यौरा दें?

दाड़नी का बगीचा

1204 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि शिमला शहर के अन्तर्गत दाड़नी का बगीचा नामक स्थान पर वन विभाग द्वारा निर्मित वाटिका के निर्माण में हुई अनियमितताओं बारे सरकार जाँच करवा रही है; यदि हां, तो क्या जाँच पूर्ण हो चुकी है; जाँच रिपोर्ट की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) इस वाटिका के बन्द पड़े कार्य को कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

भविष्य निधि व बीमा

1205 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश के अस्पतालों में मरीजों को खाना बनाने की सेवाएं ठेके पर दी गई हैं; यदि हां, तो क्या ठेकेदारों द्वारा रखे गए इन व्यक्तियों को कर्मचारी भविष्य निधि व बीमा आदि के लाभ प्रदान किए जा रहे हैं तथा क्या सरकार इन्हें नियमित करने का विचार रखती है?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांकः 31 अगस्त, 2020. **सचिव।**